न्यूज ब्रीफ

## युवती को फुसलाकर ले जाने की एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को 21 मार्च को सुबह करीब नौ बजे बरखेड़ा से वीरू पुत्र भगवान दास बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री का पता नहीं चल सका। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## नगर इकाई का किया गठन

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर में आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नगर इकाई का गठन किया गया। कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी के निर्देश पर नए सदस्यों को जोड़ा गया। रिबिन शुक्ला को अध्यक्ष, सरताज सिद्दीकी को नगर अध्यक्ष, अनमोल शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनदीप सिंह को महासचिव, जितेंद्र शर्मा को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना, मंडल संरक्षक मुकेश सक्सेना, नगर संरक्षक आशीष सक्सेना, वैभव सक्सेना, सुशील वर्मा, रजत कश्यप, प्रतीक दुबे, नितिन जायसवाल, मोसीन आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करती हैं। होली पर पैतृक गांव आयी थी। 3 मार्च को उसकी नाबालिक पुत्री शौच के लिए खेत पर गई थी। गांव के श्रीपाल ने छेड़छाड़ की। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

## सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। गांव कर्मापुरमाफी निवासी अनूप कुमार, मुस्तफा बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। कढैला गांव निवासी पप्पू भी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए। उधर, ग्राम चठिया सेवाराम निवासी अनुज और रजत कुमार ई-रिक्शा से जा रहे थे। रास्ते में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें वह घायज हो गए। सभी घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

# मुस्तफाबाद पर्यटन गेट की बादशाहत कायम

## चार माह में 16716 पहुंचे सैलानी, पर्यटकों को अपनी ओर खींचने में नाकाम होता दिख रहा नया बराही गेट

- पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के शुरूआती चार माह में पहुंचे 21687 सैलानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के तीसरे नए बराही पर्यटन गेट को खोलने से पूर्व माना जा रहा है कि टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा होगा, मगर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है।

पर्यटन सत्र के शुरूआती चार माह की बात करें तो मुस्तफाबाद गेट सैलानियों को अपनी ओर खींचने में नंबर वन साबित रहा है। इस गेट के माध्यम से चार माह में 16716 सैलानी टाइगर रिजर्व में आ चुके हैं। जबकि नया बराही गेट से बीते चार माह में महज 2244 सैलानी ही टाइगर रिजर्व पहुंचे हैं। यह दीगर बात है कि टाइगर रिजर्व प्रशासन को इस नए पर्यटन गेट को संचालित करने के लिए अन्य पर्यटन गेटों के बराबर ही संसाधन जुटाने पड़ रहे हैं।


पीटीआर में बाघों का दीदार करते सैलानी। (फाइल फोटो)।

> पीटीआर में वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ ही सैलानियों की सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि इन दिनों सैलानियों की संख्या में मामूली कमी देखी जा रही है। मगर, आने वाले दिनों में सैलानियों की संख्या में और भी इजाफा होने की उम्मीद है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

टाइगर रिजर्वों में भ्रमण के लिए जाने वाले अधिकांश सैलानी प्रकृति को करीब से देखने के साथ ही बाघ का दीदार करने की इच्छा लेकर पहुंचते हैं। मगर, अधिकांश टाइगर रिजर्वों में सैलानियों को बिना बाघ देखे ही मायूस होकर लौटना पड़ता है। हालांकि पीलीभीत टाइगर रिजर्व इस मामले में अन्य टाइगर रिजर्वों से कुछ अलग स्थान रखता है। यहां बीते वर्ष 01 नवंबर से पर्यटन सत्र की शुरुआत की गई थी। सैलानियों की सुविधाओं को बढ़ाते हुए इस बार तीसरे नए बराही पर्यटन गेट को भी खोला गया। टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र की शुरूआत भी इस बार नए बराही गेट से ही की गई।

माना जा रहा था कि बराही गेट से खुलने से प्रदेश की राजधानी लखनऊ की ओर से आने सैलानियों को राहत मिलेगी, साथ ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानियों की संख्या में खासी इजाफा हो सकेगा। नए बराही गेट पर बुकिंग काउंटर स्थापित करने के साथ सफारी वाहन मुहैय्या कराते हुए अन्य व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त की गई। इधर बीते 28 फरवरी तक टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के पूरे चार माह पूरे हो चुके हैं। इन चार माह में टाइगर रिजर्व के तीन पर्यटन गेटों में से मुस्तफाबाद गेट सबसे ज्यादा सैलानियों को अपनी ओर खींचने में सफल रहा। मुस्तफाबाद गेट से 16716 सैलानी टाइगर रिजर्व पहुंचे। वहीं इस मामले में नया बराही गेट सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है।

### 118 दिन के पर्यटन में 21687 सैलानियों ने दी पीटीआर में दस्तक

टाइगर रिजर्व प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र की शुरूआत बीते वर्ष 01 नवंबर से हुई थी। माह नवंबर की बात करें तो 01 नवंबर से 30 नवंबर के बीच 5294 देशी एवं विदेशी सैलानियों ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर जंगल सफारी के साथ बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार किए। वहीं बीते दिसंबर में 7124 देशी-विदेशी और माह जनवरी में 6041 देशी-विदेशी सैलानी यहां पहुंचे थे। वहीं 01 फरवरी से 28 फरवरी के बीच 3228 देशी एवं विदेशी सैलानियों ने टाइगर रिजर्व पहुंचकर प्रकृति को करीब से निहारा और बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार किए।

### 149 विदेशी सैलानी भी कर चुके हैं सैर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में देश के कोने-कोने से सैलानी तो पहुंच ही रहे हैं, वहीं विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रति विदेशी सैलानियों का क्रेज भी बढ़ता नजर आ रहा है। 118 दिन के पर्यटन सत्र के दौरान 149 विदेशी सैलानी यहां आ चुके हैं। खास बात यह है कि टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के पहले माह में ही 73 विदेशी सैलानी पहुंचे थे। हालांकि इसके बाद विदेशी सैलानियों की आमद में खासी गिरावट देखी जा रही है। विदेशी सैलानियों की संख्या में कमी को पर्यटन नियमों में सख्ती से जोड़कर देखा जा रहा है।

# सार्वजनिक स्थलों पर की सफाई, शहीदों को किया नमन


सार्वजनिक स्थल पर सफाई करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अमर शहीदों की स्मृति को नमन करते हुए मेरा युवा भारत पीलीभीत द्वारा रविवार को श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना और मेरा युवा मेरा भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

ईंटगांव, महोलिया, भैंसहा ग्वालपुर आदि गांवों में कई युवा क्लबों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता एवं सामुदायिक सेवा से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। युवाओं ने अपने श्रमदान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। शिक्षकों, एनएसएस स्वयंसेवकों, ग्राम प्रधानों समेत अन्य लोगों की भागीदारी रही। शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करने व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कहा कि शहीदों का बलिदान हमें केवल याद ही नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों को अपने कार्यों में उतारना भी जरूरी है।

# चित्रांश महासभा ने समारोह में किया अभिनंदन


कार्यक्रम में सम्मानित किए गए विकास और नितिन। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की ओर से शनिवार रात एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मोहल्ला तखान स्थित परमठ मंदिर परिसर में हुए कार्यक्रम में विकास श्रीवास्तव को भाजपा का जिला उपाध्यक्ष और नितिन सक्सेना को नगर पालिका परिषद में नामित सभासद बनाए जाने पर सम्मानित किया गया।

दोनों को फूल-मालाएं पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसे चित्रांश समाज के लिए गर्व की बात बताया। इस मौके पर संरक्षक करुणाशंकर सक्सेना, विनय सक्सेना, रामजीनाथ सक्सेना, अध्यक्ष संजय सक्सेना, कोषाध्यक्ष विपिन सक्सेना, संजीव सक्सेना, राजीव मधुर, सौरभ सक्सेना, अमित सक्सेना, विश्वास प्रकाश सक्सेना, अमित जौहरी, मनोज वर्मा, राजीव सिन्हा, अनिल सक्सेना, आयुष सक्सेना, विक्रम सेन सक्सेना, महिला विंग जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य परिषद ने व्यक्त किया शोक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की ओर से रविवार को शोकसभा इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। परिषद के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में राम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक रमाकांत शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अखलाक हसन खान, जिला मंत्री योगेश कुमार, प्रांतीयमंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, संरक्षक हबीब अहमद, ब्रह्मशंकर गंगवार, चंद्रसेन, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, डॉ. जावेद अहमद, उपासना शर्मा, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय हनुमान दल की बैठक रविवार को बीसलपुर के एक बरात घ्रार में आयोजित की गई। इस दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, हनुमान के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन करके की गई। मुख्य अतिथि योगी हनुमान नाथ, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रचारक आरएसएस विजय गंगवार रहे। अध्यक्षता बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना ने की। जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने अतिथियों का अभिनंदन किया। संरक्षक स्वतंत्र देवल ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा करने का आह्वान किया। जगदीश सक्सेना ने संगठन के कार्यों पर मार्गदर्शन दिया और राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह के नेतृत्व में चल रहे अभियान लव जिहाद, धर्मांतरण, मठ-मंदिर सेवा, गौ सेवा, जनसंख्या नियंत्रण आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जात-पात की करो विदाई, हिंदू हिंदू भाई-भाई। मुख्य अतिथि योगी हनुमान नाथ ने संगठन को कलयुग में रामभक्ति की सेवा का वाहक बताया। विधायक विवेक वर्मा ने संगठन की गरिमा, पृष्ठभूमि और भविष्य की दिशा पर विचार रखे। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। बीसलपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। रवि सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, प्रभात सक्सेना को जिला मंत्री, अनुभव शर्मा जिला सह संयोजक, नीरज गुप्ता जिला सह प्रचार मंत्री, शोभित अग्रवाल नगर महामंत्री संगठन बनाए गए। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिरीष कुमार वैभव, अमित मिश्रा, स्वतंत्र देवल, संतोष मिश्रा, राहुल गजवानी, संजीव कुमार आलोक कश्यप आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय हनुमान दल की बैठक और शपथ ग्रहण का आयोजन

# पीटीआर में वन्यजीव प्रबंधन के गुर सीखेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- इसी सप्ताह आईवीआरआई बरेली के 28 पीजी छात्र आएंगे, छह वरिष्ठ फैकल्टी मेंबर्स होंगे मौजूद

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली के पीजी डिप्लोमा (वाइल्डलाइफ हेल्थ मैनेजमेंट) के छात्र इसी सप्ताह पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फील्ड एक्सपोजर के लिए पहुंचेंगे। संस्थान की ओर से छात्रों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन से अनुमति मांगी गई है, ताकि जमीनी स्तर पर संरक्षण और प्रबंधन की चुनौतियों को समझा जा सके।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली में चालू शैक्षणिक सत्र में वाइल्ड लाइफ हेल्थ मैनेजमेंट डिप्लोमा में 28 छात्र नामांकित हैं। इन छात्रों की प्रयोगात्मक कक्षाएं 23 से 29 मार्च तक आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में यह सभी छात्र पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक्सपोजर विजिट के लिए आ रहे हैं। 28 छात्रों का दल 25 व 26 मार्च को पीलीभीत टाइगर रिजर्व का दौरा करेगा। संस्थान ने टाइगर रिजर्व प्रशासन से अनुरोध किया है कि छात्रों के साथ बातचीत के लिए एक पशु चिकित्सा अधिकारी को भी नियुक्त किया जाए, जो उन्हें टाइगर रिजर्व में अपनाई जाने वाली स्वास्थ्य प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी दे सकें। इसकी पुष्टि करते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि आईवीआरआई के छात्रों के शैक्षिक भ्रमण के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है। वन्यजीवों के स्वास्थ्य और संरक्षण के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण एकेडेमिक गतिविधि है। टाइगर रिजर्व प्रशासन छात्रों को हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में कस्बा निवासी कविता देवी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उसकी शादी अप्रैल 2024 में जनपद शाहजहांपुर के थाना पुवायां के गांव बनगांव निवासी ईश्वरी दीन के पुत्र शिवाजीत उर्फ चमन से हुई थी। शादी के एक साल बाद पति शिवाजीत , ससुर ईश्वरी दीन, सास भगवती देवी, जेठानी रुचि पत्नी सर्वजीत, ननद माला अतिरिक्त दहेज को लेकर मारपीट करने लगे। 30 दिसंबर 2025 को कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया जिसमें एक महीने में विदा कराने को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन ससुराल वालों में से कोई बुलाने नहीं आया। पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दहेज मांगने पर पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पूरनपुर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन


भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते पूरनपुर विधायक चेयरमैन व अन्य।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के पूरनपुर में प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। नगर पालिका कार्यालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया। पूरनपुर नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में सभासदों व भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, धीरज शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य रितुराज पासवान आदि मौजूद रहे। इस दौरान संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया।

# अभिभावकों ने जानी प्रगति, बच्चों ने की रैंप वॉक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में रविवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें रैंप वॉक मुख्य आकर्षण रहा। इसका उद्देश्य अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना और उनके सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना रहा।

बच्चों ने कॉन्वोकेशन कोट पहनकर आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। अभिभावकों के साथ संवाद कर बच्चों की प्रगति, क्षमताओं और सुधार पर चर्चा की गई। कॉन्फिडेंट स्टार, हेल्पफुल चाइल्ड और क्रिएटिव माइंड जैसे विशेषणों से बच्चों को सम्मानित किया गया। चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी, प्रबंधक निशांत गोस्वामी, प्रिंसिपल जया घोष ने विद्यालय की शैक्षिक नीतियों, मूल्यों और बच्चों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साझा किया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में यश्वनी और संजना प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान विकास समिति के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक स्कूल बरहा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका ममता गंगवार के संयोजन में चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें यश्वनी और संजना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समिति के लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि 1993 से निरंतर विश्व जल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में 22 मार्च को मनाए जाने वाला यह वार्षिक कार्यक्रम है, जो ताजे जल के महत्व पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व के कल्याण के लिए सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसमें स्वच्छ पेयजल भी हैद्ध यह भी बताया कि जल का उत्पादन जटिल एवं महंगी प्रक्रिया है। जल बचत की निरंतर आदत डालें, जल बचत ही जल उत्पादन है। प्रधानमंत्री द्वारा जल जीवन मिशन की घोषणा की गई है इस पर कार्य चल रहा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को 60 लीटर शुद्ध जल प्रतिदिन उपलब्ध कराना है। ये अपील की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित किए गए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें।



बनाया गया चित्र दिखाती छात्रा।

कार्यक्रम

पांचवें दिन होम्योपैथी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी व स्वास्थ्य विभाग का हुआ संयुक्त कार्यक्रम

# चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को किया सम्मानित

- जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला अधिकारी ने प्रमाणपत्र व किट बांटे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे नौ दिवसीय कार्यक्रम के पांचवे दिन रविवार को होम्योपैथी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी तथा स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमओ समेत अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुष्ठ रोगियों को विशेष चप्पल, दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाणपत्र, शगुन किट एवं फाइलेरिया रोगियों को फाइलेरिया किट दी गई।

गांधी प्रेक्षागृह में चल रही नौ दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

जिसमें छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों एवं स्वास्थ्य विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और योग हमारी प्राचीन विरासत हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयुष पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रसायनों के बजाय प्राकृतिक और पारंपरिक उपचार को प्राथमिकता दें। कहा कि सरकार द्वारा जनपद को स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार के लिए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है जिसमें मरीजों को निशुल्क उपचार कर बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही हैं। डीएम ने कहा कि आयुष सेवाओं को शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जा रहा है। बताया कि प्रधानमंत्री आरोग्य योजना केंद्र और राज्य सरकार की योजना का उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति का निशुल्क इलाज किया जाना है। उक्त योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। कार्यक्रम में सीएमओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ एचपीवी टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया। जिला मलेरिया अधिकारी ने मलेरिया, फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, काला अज़ार आदि की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के बारे में बताया।

आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विभाग के संबंध में जानकारियां दी गई। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


स्टॉल पर जानकारी करते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार


प्रेक्षागृह में महिला को किट सौंपतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

### जनप्रतिनिधियों और डीएम ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं पोषण पोटली वितरित की

कार्यक्रम के समापन पर जनप्रतिनिधियों समेत डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान प्रदर्शनी में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, उद्यान, यूपी नेडा, मत्स्य, समाज कल्याण, मिशन शक्ति द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं डीएम ने स्टालों का भ्रमण कर जानकारी ली। कार्यक्रम में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार, बीएसए रोशनी सिंह, एसीएमओ समेत चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# तीसरे दिन सुनाई गई ध्रुव की कथा


कथा सुनाते सदगुरुदेव महाराज।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम जादौपुर नथा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। तीसरे दिन रविवार को ध्रुव की कथा का रसपान कराया गया। गोला गोकर्णनाथ से आए कथाव्यास सदगुरु देव ने कथा सुनाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान संजय पांडे, धीरज शर्मा, बैजनाथ, विनोद कश्यप, सीताराम, भगवान दास, राकेश, छोटेलाल मोहित, अभिषेक राठौर, रजनीश, हरिओम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...**

**माँ स्कंदमाता: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:**

## शहर में आज

- गांधी प्रेक्षागृह में प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम दोपहर 03 बजे।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।
- माधोटांडा समेत अन्य सीएचसी पर एचपीवी टीकाकरण अभियान सुबह 10 बजे से।
- नगर पालिका सभागार में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण सुबह 11 बजे से।

# भारी हंगामे के बाद यूट्यूबर गिरफ्तार

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के वाल्मीकि समाज के लोग, अफसरों के आश्वासन पर खुला जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की एक बार फिर आपत्तिजनक टिप्पणी ने माहौल गर्मा दिया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ट्रिप के दौरान बनाए गए वीडियो में जातिसूचक शब्द के इस्तेमाल से आक्रोशित वाल्मीकि समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने धरना-प्रदर्शन करते हुए थाने का घेराव किया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान एक दरोगा से भी भीड़ का विवाद हो गया। किसी तरह मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर ने स्थिति को संभाला। हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसका चालान कर दिया।

बता दें कि थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर वसीम रजा उर्फ मिस्टर पीलीभीत ने हाल ही में टाइगर रिजर्व भ्रमण के दौरान एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया था। आरोप है कि वीडियो में उसने वाल्मीकि समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। रविवार सुबह वीडियो वायरल संज्ञान में आते ही मोहल्ला नखासा में विभिन्न मोहल्ले से वाल्मीकि समाज के लोग एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकालते हुए गैस चौराहे पर जाम लगा दिया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान भीड़ सड़क पर बैठ गई और हंगामा किया। इसी बीच नाम नोट करने को लेकर सुनगढ़ी के दरोगा शुभभ भारती से कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दरोगा से भी तीखी नोकझोंक हो गई। इस दौरान दरोगा और भीड़ के बीच धक्का मुक्की हो गई। मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने भीड़ को समझाकर शांत कराया। सूचना मिलते ही एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल सत्येंद्र कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस मामले में मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी हिमांशु नंदन की तहरीर पर थाना सुनगढ़ी में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने वाल्मीकि समाज के लोगों को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को वसीम रजा उर्फ मिस्टर पीलीभीत को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसका चालान कर दिया। पूर्व में भी आरोपी वसीम रजा उर्फ मिस्टर पीलीभीत एक अभद्र टिप्पणी करने के मामले में जेल जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी की बात सामने आने के बाद शाम को एक बार फिर वाल्मीकि समाज के लोग नखासा में एकत्र हो गए और आरोपी को सामने लाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। जुलूस गैस चौराहे की ओर बढ़ा, लेकिन रास्ते में रोक लिया।



आक्रोशित भीड़ को शांत कराते सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी। ● अमृत विचार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी वसीम रजा।

- आरोपी के खिलाफ सुनगढ़ी थाने में एफआईआर, तनाव के चलते पीएसी भी तैनात

> आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। - **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

### आक्रोशित भीड़ ने पहले गैस चौराहा फिर सुनगढ़ी थाने का किया घेराव

आरोपी वसीम रजा उर्फ मिस्टर पीलीभीत की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले वाल्मीकि समाज के लोगों ने गैस चौराहा पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने समझाकर उन्हें शांत करा दिया। जिसके बाद मोहल्ले में लोग दोबारा से एकत्र हो गए और उसकी गिरफ्तारी न होने की बात को लेकर दोबारा जुलूस की शक्ल में सुनगढ़ी थाने पहुंच गए। जहां आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से बहस हुई। सूचना एएसपी विक्रम दाहिया भी मौके पर पहुंच गए थे, उन्होंने लोगों को समझाकर शांत कराया।

### पहले भी विवादित पोस्ट पर हो चुकी गिरफ्तारी

दो समुदायों से जुड़े मामले को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मोहल्ला नखासा में अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ कोतवाल भी फोर्स के साथ मौके पर जुटे रहे। ताकि कोई विवाद न होने पाए। बता दें कि इससे पहले भी आरोपी पर अगस्त 2024 को भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसने विवादित धार्मिक पोस्ट की थी।

### विरोध प्रदर्शन के बाद आरोपी ने डाली माफी की वीडियो

अभद्र टिप्पणी के बाद भड़के वाल्मीकि समाज का विरोध देखकर वसीम रजा उर्फ मिस्टर पीलीभीत ने अपने दूसरे अकाउंट से वीडियो अपलोड किया। जिसमें वह माफी मांगते हुए नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी वार छिड़ गई। जिसमें वाल्मीकि समाज ही नहीं अन्य समाज के लोगों ने भी इस अभद्र टिप्पणी का विरोध जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी।

# दौड़ के माध्यम से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर कराई रन फॉर एम्पावरमेंट की शुरुआत

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण की शुरुआत के बाद महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस विभाग में प्रतिदिन टीमें भ्रमण कर जागरूक कर रही हैं। इसी क्रम में रवविार को रन फॉर एम्पावरमेंट का आयोजन किया गया।

सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन का संदेश देते हुए महिला सुरक्षा एवं जागरुकता को हुए रन फॉर एम्पावरमेंट की शुरुआत एएसपी विक्रम दहिया ने कराई।

हरी झंडी दिखाकर दौड़ को शुरू कराया7 पुलिस लाइन से शुरू होकर दौड़ नकटदाना चौराहा पर सम्पन्न हुई। इसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक यह संदेश पहुंचाया गया कि महिलाएं सुरक्षित होंगी, तो समाज सशक्त होगा, साथ ही बालिकाओं को निर्भीक होकर आगे बढ़ने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक /सीओ सदर नताशा गोयल, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। बच्चों में इसे लेकर उत्साह दिखा। समस्त शाखाओं में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने भी सहभागिता की।



हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत कराते एएसपी विक्रम दहिया। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मिट्टी डालने के विरोध पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बनकटी सैजनिया निवासी होरीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 मार्च को रात करीब साढ़े 8 बजे उमेश वसुशीला देवी उसके दरवाजे के सामने मिट्टी डाल रहे थे। विरोध करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने लाठी,डंडे और चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह और उसकी पत्नी राजवती घायल हो गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बाइक हटाने को लेकर विवाद में मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : रास्ते पर खड़ी बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया। इसमें एक युवक की पिटाई कर दी गई। बीसलपुर कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम जोगीठेर निवासी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि वह 21 मार्च की शाम चार बजे अपने मकान के पास से निकल रहे थे। तभी पड़ोस के रहने वाले दिलावर, शेर बाबू, गुड्डू व तुल्लन से रास्ते पर खड़ी बाइक को हटाने को लेकर विवाद हो गया था। जिससे चारों लोग उग्र हो गए और लाठी डंडों से हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# तीन देवरों ने की दुष्कर्म की कोशिश, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार तब जाकर सुनी फरियाद
- गजरौला पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** दुष्कर्म की कोशिश मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गजरौला पुलिस ने मुख्यमंत्री के आदेश पर बरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें महिला ने बताया कि उसकी शादी गजरौला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से हुई थी। पति नशा अधिक करता और अक्सर घर से बाहर रहता है। उसके तीन देवर आए दिन छेड़छाड़ करते। आरोप है कि करीब सात माह पहले अलग-अलग समय पर तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। बमुश्किल उसने खुद को बचाया। इसकी जानकारी जब पति और सास-ससुर को दी तो उन्होंने पीड़िता को भी डांटकर शांत करा दिया। पीड़िता के साथ मारपीट की गई घर से निकाल दिया। किसी तरह वह अपने मायके पहुंची और पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद वह पिता के साथ थाना गजरौला पहुंची, मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसपी से भी शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया। तब जाकर कार्रवाई की गई है। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन की मांगी दुआ

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर से सटे ग्राम नौगवां पकड़िया में कादरी चिश्तिया मस्जिद स्थित मदरसा अहले सुन्नत दारुल उलूम मौला अली में जश्ने तक्मीले कुरआन का आयोजन किया गया। हाफिर मोहम्मद उसैद रजा, हाफिज मोहम्मद हस्सान रजा ने तकरीर दी। कादरी चिश्तिया मस्जिद के सदर हजरत मौलाना मोहम्मद हारुन रजा कादरी रजवी मुशाहिदी ने मुल्क की खुशहाली और अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर नासिर रजा नूरी, हाफिज नाजिम रतजा, शाहिद रजा, हाजी इम्तियाज अल्वी, कासिम अली, सलीम, इरशाद अली, जैनुल आबिदीन मंसूरी, आबिद रजा मंसूरी, नाजिम अल्वी, सूमीना खान, छोटन आदि मौजूद रहे।

## बीसलपुर में गोकशी कर गए तस्कर, पुलिस को भनक नहीं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिले में गैर जनपद के गोमांस तस्कर भी पूर्व में सक्रिय रहे हैं। शासन स्तर से सख्ती की गई तो घटनाएं कम हुई लेकिन पूर्णतया रोकथाम नहीं हो सकी है। ताजा मामला बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है।

क्षेत्र के ग्राम चौसरा से होकर रजवाहा गुजरी है। इसके पास ही खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष मिले। रविवार को अवशेष पड़े होने की जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। इस पर कोतवाली बीसलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पशु चिकित्सक को बुलाकर अवशेष का परीक्षण कराया गया। कोतवाल बीसलपुर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। चौसरा रजवाहा के पास खेत में कुछ अवशेष मिले हैं। हालांकि ये अवशेष दस बारह दिन पुराने हैं। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# समस्याओं के समाधान पर की चर्चा

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार** : अपना दल कमेराबादी पार्टी की मासिक बैठक रविवार को कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें किसानों की समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से संज्ञान लेने की अपील की गई। आंदोलन की भी चेतावनी दी गई।

जिलाध्यक्ष प्रेमसागर पटेल ने पार्टी का विस्तार करते हुए प्रशांत पटेल को जिला महासचिव युवा मंच, ललिता देवी वर्मा को जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा किसान मंच की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला महासचिव युवा मंच प्रशांत पटेल ने कहा कि क्षेत्र में गैस की किल्लत, स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश की समस्या, बंदरों की समस्या से किसान जूझ रहा है। फिर भी जिला प्रशासन इस ओर अपना ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि यदि इसका समाधान शीघ्र ही नहीं किया गया, तो अपना दल कमेराबादी पार्टी आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष प्रेमसागर पटेल ने बताया कि 28 मार्च को मीरगंज बरेली में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. पल्लवी पटेल विधायक सिराथू की मौजूदगी में रैली को सफल बनाने के लिए जनपद से भी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर आदेश कुमार सिंह, मोहम्मद शावेज, महेंद्र वर्मा, राजीव कुमार सैनी, रामचंद्र लाल कोरी, गंगाराम राठौर, महेश कुमार, श्रीकृष्ण, अजय वर्मा, देवदत्त, धर्मेंद्र कुमार, आकाश, ललित वर्मा आदि मौजूद रहे रहे।



बैठक में अपना दल कमेराबादी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल
पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# जहानाबाद पुलिस के हत्थे चढ़े चार लुटेरे, बाइक-असलहा बरामद

## सीओ सदर नताशा गोयल ने किया लूट की घटना का खुलासा, आरोपी भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी व खुलासा करती सीओ सदर नताशा गोयल।

**अमृत विचार :** बाइक लूट की घटनाएं करने वाले चार शातिर अपराधियों को जहानाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई एक बाइक, दूसरी बाइक का इंजन समेत अन्य सामान बरामद किया गया।

बता दें कि ग्राम गौनेरीबंदी के रहने वाले पुष्पेंद्र कुमार पुत्र मदनलाल से बीस फरवरी को लूट हुई थी। तीन अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक लूटी और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया था। जहानाबाद पुलिस ने तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में सुरागरसी की। जिसके बाद ग्राम सरौरी निवासी संजीव वर्मा उर्फ संजू, सूरज, धर्मेंद्र और कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला कच्ची हवेली के निवासी नदीम का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही थी कि 22 फरवरी को ग्राम कुकरीखेड़ा निवासी रवि कुमार पुत्र छेदालाल से बाइक लूट की घटना की गई। इसकी विवेचना के दौरान तीन अन्य नाम भोजीपुर बरेली के ग्राम जटऊ पट्टी निवासी विष्णु पुत्र मंगली प्रसाद, ग्राम सरौरी निवासी बड़े उर्फ डोरीलाल पुत्र चंद्रपाल और सरौरी निवासी संजीव वर्मा उर्फ संजू संज्ञान में आए। इनकी धरपकड़ के लिए टीम लगाई गई। फिर जहानाबाद पुलिस सूचना के आधार पर निर्माणाधीन हाईवे पर उगनपुर पुलिया के पास से चार आरोपी ग्राम सरौरी निवासी संजीव वर्मा उर्फ संजू, सूरज, धर्मेंद्र कुमार, मोहल्ला कच्ची हवेली निवासी नदीम को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटी गई बाइक, कूटरचित नंबर प्लेट लगी कार, तमंचा कारतूस और चाकू बरामद किए। सीओ सदर नताशा गोयल ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया और जेल भेज दिया।

> बीते दिनों हुई बाइक लूट की घटनाओं को लेकर चार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। उनके पास से लूटी गई बाइक व असलहा बरामद किया गया। चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। – **नताशा गोयल**, सीओ सदर

- **अन्य साथियों के नाम भी आए संज्ञान में, पुलिस की टीमें लगीं**

### सूनसान रास्तों पर अकेले राहगीर को बनाते थे निशाना

पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की। जिसमें घटना करने के तरीके के बारे में भी पूछा गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी सूनसान रास्तों पर अकेले सफर करने वाले लोगों को निशाने पर लेते थे। इसके बाद असलहों के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की जाती थी। फिर लूटी गई बाइकों की पहचान छिपाने के लिए उनके पुर्जे अलग-अलग कर देते थे। फर्जी नंबर प्लेट भी लगा दिया करते थे। अब पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश भी कर रही है।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग के शक में युवक ने जहर खाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के एक मोहल्ले में युवक को परिवार वाले अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताते हुए भर्ती कर इलाज शुरू किया। जब इसके बारे में स्वास्थ्यकर्मियों ने जानकारी करनी चाही तो भाई ने बताया कि युवक बटाई पर खेती कर परिवार का पालन-पोषण करता है।

करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन रहने लगी थी। युवक को पत्नी का किसी युवक से प्रेमप्रसंग होने का शक है। परिजनों के अनुसार, कई बार फोन पर बात करते हुए पत्नी को देखा और विरोध किया तो घरेलू विवाद बढ़ गए। इसी तनाव के चलते युवक एक साल पहले भी जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच गई थी। अब एक बार फिर खुदकुशी करने की कोशिश की है। बताते हैं कि शनिवार को भी युवक की इसी को लेकर अपनी सास से बहस हो गई थी। रात को वह कमरे में गया और फिर जहरीला पदार्थ का सेवन किया। हालांकि किसी तरह की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

# जनआक्रोश रैली में शामिल होने रवाना हुए किसान नेता



हरियाणा के लिए रवाना होने के लिए एकत्र हुए किसान नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ट्रेड डील समझौता निरस्त करने समेत कई रखी गई हैं मांग**

**अमृत विचार :** ट्रेड डील समझौता निरस्त करने, किसानों की विभिन्न समस्याओं समेत प्रमुख मांगों को लेकर हरियाणा के पिपली में होने वाली जन आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो की अगुवाई में रविवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ता रवाना हुए। वह सोमवार को होने वाली जन आक्रोश रैली में शामिल होंगे।

बता दें कि भारत अमेरिका ट्रेड डील समझौते को निरस्त कराने की मांग भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से लगातार की जा रही है। इसे लेकर पुतला दहन करने के साथ ही पूर्व में ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपे जा चुके हैं। इसी क्रम में संगठन की ओर से 23 मार्च को हरियाणा के पिपली इलाके में जन आक्रोश रैली का आवाहन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए एक दिन पूर्व रविवार को जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ता रवाना हुए। इसमें जिलाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, तहसील उपाध्यक्ष रेशम सिंह, जिला सचिव सर्वजीत सिंह, अमरीक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह, तहसील प्रभारी त्रिलोचन सिंह, ब्लॉक सचिव जितेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रंधक चमकौर सिंह, ग्राम अध्यक्ष पवनदीप सिंह, जसविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोगा सिंह, जिला प्रभारी बलराम सिंह आदि थे।

# रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **कार्यकारिणी का किया गठन सौंपी जिम्मेदारियां**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पीलीभीत के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी की बैठक श्रीरसोई गौहनिया रोड पर हुई। जिसमें कार्यकारिणी का गठन हुआ।

संरक्षक मंडल में अनिल महेंद्रू, अमिताभ अग्निहोत्री, अरविंद गुप्ता, अध्यक्ष देवेन्द्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष स्वतन्त्र देवल, सौरभ सक्सेना, सौरभ सक्सेना, रवि शर्मा, जगदीश सक्सेना, हितेंद्रनाथ मिश्रा, सचिव अभिषेक पांडे, सह सचिव शिवम कश्यप, संयुक्त सचिव शालिनी पांडे, कोषाध्यक्ष अंशुमन तिवारी, सह कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, आय-व्यय निरीक्षक हितेश शुक्ला, आईटी संयोजक मनोज राना, मीडिया प्रभारी अभिषेक प्रजापति, विशेष आमंत्रित सदस्य हरिपाल यादव, दिवाकर वर्मा, संजय पांडे, अकलिम अहमद मलिक, ललित श्रीवास्तव नामित हुए। जिला स्तरीय ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 11 व 12 अप्रैल की तिथि तय की गई। निर्णय लिया गया कि जिले में छात्रों के लिए नए कार्यक्रमों का आयोजन होगा तो जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक होगा।

# आरोग्य मेले में बिना फार्मासिस्ट बंटी दवाएं

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा



दौलतपुर पीएचसी पर मरीज का चेकअप करते डॉक्टर। ● अमृत विचार



पीएचसी दौलतपुर में नल के पास जमा गंदगी का ढेर।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य भले ही गांव-देहात तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी हकीकत कई सवाल खड़े कर रही है। रविवार को कई जगह व्यवस्थाएं अधूरी दिखी। कहीं फार्मासिस्ट नहीं, तो कहीं जांच सुविधाएं ठप रहीं। कुछ केंद्रों पर वार्ड बॉय और नर्स ही दवाएं बांटते नजर आए, जबकि अस्पताल परिसरों में गंदगी और जर्जर भवन व्यवस्था की पोल खोलते दिखे। ऐसे में मरीजों को राहत कम और परेशानियां ज्यादा झेलनी पड़ रही हैं।

रविवार को आयोजित आरोग्य मेले के दौरान बरखेड़ा क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का देखा गया। जहां आरोग्य मेले में डॉ. उदित यादव ने दोपहर करीब एक बजे तक 61 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दीं, लेकिन यहां फार्मासिस्ट की तैनाती न होने के कारण दवा वितरण का जिम्मा वार्ड बॉय देवेंद्र कुमार और स्टाफ नर्स सरिता को संभालना पड़ा। जांच के लिए भेजे गए मरीजों की ब्लड जांच लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार ने की, जबकि एएनएम गीता देवी और वार्ड आया अनामिका भी मौजूद रहीं। इस दौरान कुछ जांचें और दवाएं भी पूरी नहीं थी। स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था की बात करें तो यहां सफाई कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के बाद से नया कर्मचारी नहीं लगाया गया, जिससे परिसर में गंदगी का अंबार दिखा। हालांकि मेले के दिन तीन सफाईकर्मी भेजे गए, लेकिन वे औपचारिक सफाई कर लौट गए। वहीं, चिकित्सकों और कर्मचारियों के आवास भी देखरेख के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। सिर्फ दौलतपुर पट्टी ही नहीं, बल्कि सीएचसी बरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले जोगीठेर, खमरिया पंडरी और सुहास जैसे अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं है। सुहास पीएचसी पर चिकित्सक भी नियमित तैनात नहीं हैं, जहां जोगीठेर के डॉ. जसपाल चौधरी सप्ताह में दो दिन जाकर मरीज देखते हैं। ऐसे में बाकी दिनों में मरीज झोलाछाप चिकित्सकों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इधर, अमरिया क्षेत्र के परेवा वैश्य पीएचसी में भी आरोग्य मेले के दौरान व्यवस्थाओं की स्थिति चिंताजनक रही। डॉ. सूरजपाल लक्खा ने करीब 60 मरीजों का उपचार किया, लेकिन यहां भी फार्मासिस्ट के अभाव में दवाएं वार्ड बॉय गौरव कुमार और संविदा कर्मी अरविंद कुमार ने वितरित कीं। संविदा वार्ड आया मधु देवी पर्चियां बनाती नजर आईं। लैब टेक्नीशियन के अवकाश पर होने से जांच सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। ऐसे में मरीजों को वापस लौटन पड़ा।

**परेशानी**

- **कई पीएचसी पर स्टाफ की कमी वार्ड बॉय और नर्स के भरोसे दवा वितरण**
- **जांच ठप तो कहीं सफाई और बुनियादी सुविधाओं का दिखा अभाव**

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# मेले में खो गई मासूम, मिशन शक्ति ने ढूंढा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मां यशवंतरी देवी मंदिर में लगे मेले में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। मेले में अस्थायी पुलिस चौकी के अलावा अबकी बार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पिंक बूथ भी बनाया गया है। जहां महिलाएं अपनी समस्याएं बता सकती है। रविवार को बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा निवासी प्रियांशी देवी अपनी तीन वर्षीय पुत्री महिमा के साथ मेले में आई थी। मेले में महिमा अचानक भीड़ में खो गई। सूचना महिला ने पिंक बूथ पर जाकर दी। महिला थाना प्रभारी रीना देवी ने अलग अलग तीन टीमें बनाकर बालिका की तलाश शुरू करवाई। दो घंटे बाद पुलिस ने बरामद कर लिया।

# सुनगढ़ी महिला थाने में बनेगा हॉस्टल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शासन स्तर से निर्माण की मंजूरी के साथ ही आवंटित की धनराशि**

**अमृत विचार :** शहर के सुनगढ़ी और महिला थाने में पुलिसकर्मियों के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद पुलिसकर्मियों का इसका लाभ मिलेगा। शासन स्तर से इसकी मंजूरी देने के साथ ही धनराशि भी आवंटित कर दी गई है।

बता दें कि पुलिसकर्मियों की आवासीय समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर है। इसी क्रम में बीते सालों में पुलिस कर्मियों के लिए कचहरी तिराहा के पास 12 मंजिला इमारत बनवाई गई थी, जिसको संचालित भी किया जा चुका है। इसमें पुलिसकर्मी परिवार समेत रह रहे हैं। इसी के साथ अब शहर के सुनगढी.और महिला थाना में पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल की सुविधा जल्द मुहैया हो सकेगी। निर्माण की मंजूरी शासन स्तर से मिल गई है। धनराशि भी आंवटित की गई है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बताया कि शासन ने पुलिस विभाग में व्यापक विस्तार एवं पुलिस कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के क्रम में महिला थाना में हास्टल, बैरक और एक विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए स्वीकृति दी है। वहीं, सुनगढी थाने में भी हॉस्टल बैरक और विवेचना कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। राज्यमंत्री ने बताया कि थाना सुनगढ़ी और महिला थाने में हास्टल निर्माण से पुलिस कर्मियों की आवास की समस्या हल होगी और उन्हें थाना परिसर में ही आवास आंवटित किए जा सकेंगे। हास्टल एंव अन्य निर्माण कार्यों के लिए धनराशि लोक निर्माण विभाग के लिए अवमुक्त कर दी गई है।

# ग्रामीण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा हवेली निवासी 50 वर्षीय झब्बूलाल ने 18 मार्च को शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। परिवार वालों ने उसे तिलहर सीएचसी पर भेज दिया था। डाक्टर ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया था। मेडिकल कालेज में रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण अभियान आज से शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **14 साल की आयु पूरी कर चुकी करीब 26 हजार किशोरियों को लगेगी वैक्सीन**
- **डीएम करेंगे माधोटांडा सीएचसी पर शुरुआत, सभी सीएचसी पर लगेगा शिविर**

**अमृत विचार :** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। कई मामलों में महिलाओं की जान पर बन आई। ऐसे में शासन ने किशोरियों को गंभीर बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीन लांच की है। इसकी शुरुआत नवरात्र के बीच जिले में की जा रही है। सोमवार से जिलेभर में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। जिला प्रशासन की निगरानी में चलने वाले इस अभियान की शुरुआत माधोटांडा सीएचसी से होगी। परिजनों को जागरुक करने के लिए गोष्ठी भी की जाएगी।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 साल की किशोरियों को वैक्सीन लगाई जानी है। जिसकी शुरुआत सोमवार से होगी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले की आबादी के एक फीसदी किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। जिले की करीब 26 हजार किशोरियों को इस अभियान के तहत निःशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में बेहद प्रभावी माना जाता है और इससे इस बीमारी की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अभियान के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। कलीनगर तहसील में समाधान दिवस के बीच डीएम ज्ञानेंद्र सिंह माधोटांडा सीएचसी पहुंचकर इस कैंप का शुरुआत कराएंगे। इसके अलावा यह अभियान पूरनपुर, दियोरिया, बीसलपुर, न्यूरिया, बरखेड़ा, जहानाबाद, बिलसंडा, अमरिया समेत अन्य सीएचसी पर कैंप लगेगा। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और टीकाकरण टीमों का गठन भी कर लिया गया है। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नौ से 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का चिन्हीकरण कर सूची तैयार जा रही है। हालांकि पहले चरण में 14 की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को यह टीका लगेगा। वैसे टीकाकरण 9 से 14 साल की किशोरियों लगना है। मगर ट्रॉयल के तौर पर अभी सिर्फ 14 साल वाली किशोरियों को टीका लगेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में निजी अस्पतालों में इस वैक्सीन के लिए दो हजार से लेकर 12 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ता है, जबकि अब सरकारी स्तर पर यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन ने इस अभियान को प्राथमिकता दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों को जागरूक करने के लिए काउंसलिंग भी कराई जा रही है, ताकि टीकाकरण को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। विभाग का लक्ष्य है कि निर्धारित समयावधि में सभी चिन्हित किशोरियों का टीकाकरण कर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

### एचपीवी संक्रमण से होता है कैंसर

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का संक्रमण है, जो लगभग 95 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। यह एक यौन संचारित वायरस है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा समाप्त न होने पर कई साल बाद यह वायरस कोशिकाओं को कैंसर में बदल सकते हैं।

### अभिभावकों की सहमति पर लगेगा टीका

अभियान के दौरान 14 साल की किशोरियों को यह वैक्सीन उनके अभिभावक की सहमति पर लगाई जाएगी। कुछ जिलों में वैक्सीन को लेकर लोगों को भ्रमित कर दिया गया। जिस वजह से विभाग की ओर से जागरुकता भी कराई जाएगी। इसको लेकर आशा, आगंनबाड़ी, एएनएम, सीएचओ को जिम्मेदारी दी गई। कि वह अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। टीका लगने के दौरान तत्काल डेटा यूबिन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। साथ ही मौके पर एक प्रमाण पत्र भी किशोरियों को दिया जाएगा, जो भविष्य में उनके काम आएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पिता-पुत्रों के नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भुड़वारा गांव निवासी मायाराम पुत्र बृजलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 मार्च शाम सात बजे गांव निवासी अमित, सरोज, प्रदीप पुत्र रामअवतार और रामअवतार पुत्र माखनलाल घर में घुस आए और उनकी पुत्री के साथ मारपीट की। जब परिवार के लोगों ने मना किया तो उन्होंने परिवार के अन्य लोगों मायाराम, सविता, रामनरेश, दिनेश के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने चारों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### गैंगस्टर के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने बमनगर व सेमरी चौराहा के बीच पुलिया के पास गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे गुरप्रीत सिंह निवासी निषाद नगर घोला को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही बजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत निवासी चरनजीत को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी बाइक को भी कब्जे में लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### दुधवा मोटीवेटर नाजरून को किया सम्मानित

**पलिया कलां, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी का समाजसेवी आलोक मिश्रा ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया और जर्जर सड़कों, जल निकासी समस्या, जंगली जानवरों से हो रही जनहानि व फसलों के नुकसान, बकाया गन्ना भुगतान एवं बाढ़ जैसी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान पर जोर दिया। इस मौके पर संजय शर्मा, शिवकुमार मिश्र, अजय प्रताप, अभ्युदय मिश्रा, सत्येंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे। भाजपा युवा नेता रवि गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोग सदस्य दुधवा मोटीवेटर नाजरून निशा के घर गांव फुलवरिया पहुंचे। उन्होंने अब तक दर्जनों जहरीले सांपों एवं मगरमच्छों को घरों एवं पशुबाड़ों आदि से पकड़कर उनके प्राकृतिक आवासों में छोड़ने वाली मोटीवेटर को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### जिले में पहुंचीं 12 हजार डोज, 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को लगाया जाएगा टीका, खाली पेट नहीं होगा वैक्सीनेशन

# एचपीवी वैक्सीन की एक डोज बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) से बचाव के लिए सरकार ने वैक्सीनेशन अभियान शुरू कर दिया है। जिले में सोमवार से जिला महिला अस्पताल से अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसमें 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। इस टीके से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक रोका जा सकेगा। इसी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी वैक्सीनेशन का कार्य शुरू हो जाएगा।

जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय के सभागार में लखनऊ से आए मास्टर ट्रेनर डॉ. सैयद कादरी ने एक सप्ताह पहले ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया था। उन्होंने बताया कि 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की सिंगल डोज दी जाएगी। 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी किशोरियों को यह टीका बाएं हाथ में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 12 हजार डोज वैक्सीन उपलब्ध कराई गई हैं। महिला अस्पताल से अभियान की शुरुआत के बाद जल्द ही सभी सीएचसी पर टीकाकरण शुरू किया जाएगा।



मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय।

#### वैक्सीन सुरक्षित और निशुल्क

डॉ. रवि सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और निशुल्क है। अब तक 165 देशों में 50 करोड़ से अधिक लोगों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

#### कौन होंगी पात्र

अभियान के तहत उन किशोरियों को टीका लगाया जाएगा, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, लेकिन 15 वर्ष की नहीं हुई हैं। लक्ष्य जिले की सभी पात्र किशोरियों का टीकाकरण करना है।

#### अभिभावक की सहमति जरूरी

टीकाकरण से पहले अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। यू-विन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर डिजिटल सहमति दी जा सकती है। इंटरनेट की सुविधा न होने पर लिखित सहमति लेकर बाद में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। आयु सत्यापन के लिए पहचान पत्र आवश्यक होगा और टीकाकरण प्रमाणपत्र भी यू-विन पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा।

- **महिला अस्पताल से शुरुआत के बाद जल्द सीएचसी पर शुरू होगा टीकाकरण**

#### ऐसे होगा टीकाकरण

टीकाकरण एएनएम, स्टाफ नर्स या लेडी हेल्थ विजिटर द्वारा किया जाएगा। खाली पेट टीका नहीं लगाया जाएगा। टीकाकरण के बाद यदि बुखार, सिरदर्द, मतली या चक्कर आएं तो पैरासिटामोल दी जा सकती है और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी जाएगी। इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द या सूजन होने पर बर्फ से सिकाई की जा सकती है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सभी सीएचसी के अधीक्षकों, बीपीएम और बीसीपीएम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है, जिसे एचपीवी वैक्सीन से रोका जा सकता है।

जेएसआई के स्टेट ट्रेनर डॉ. सैयद कादरी ने बताया कि किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की सिंगल डोज दी जाएगी, जो एचपीवी के चार स्ट्रेन 6, 11, 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है।

### दो पक्षों की मारपीट में चार लोग चोटिल

**उचौलिया, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी फूलचंद और रोशन लाल सगे भाई हैं। दोनों में खेत की मेड़ काटने को लेकर कुछ माह पूर्व विवाद हुआ था। शनिवार शाम फिर विवाद हो गया, 112 नंबर पुलिस ने सुलह कराकर मामला रफा-दफा कर दिया। रविवार सुबह जब फूलचंद अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रहे थे, तभी रोशन लाल ने अपने पुत्र छविनाथ के साथ फूलचंद के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया । बचाव में फूलचंद ने भी लाठी-डंडे चलाए। इसमें अरविंद और उसकी बहन सोहित देवी के सिर पर चोट आई। फूलचंद के हाथ और पीठ पर गुम चोटे आई हैं। दूसरे पक्ष में रोशन लाल और उनकी लड़की को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर सीएचसी भेजा है।

# मच्छरों से बचाव को हो रहा छिड़काव बेअसर

### हर साल बढ़ रहे मरीज, 3 माह में मलेरिया बुखार की गिरफ्त में आए 7 लोग, गर्मी शुरू होते ही मच्छर हमलावर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शायर गालिब की पंक्तियां...मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की, जिले में शुरू हुए मच्छरों से बचाव को छिड़काव अभियान पर सटीक बैठ रही हैं, क्योंकि न तो मच्छर कम हो रहे हैं और न ही मच्छरजनित बीमारियां। स्थित यह है साल दर साल डेंगू से लेकर मलेरिया की गिरफ्त में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती रही। साल 2023 में डेंगू और मलेरिया रोगियों की संख्या जहां 603 थी तो वहीं 2024 में यह बढ़कर 919, 2025 में 990 हो गई।

गर्मियां शुरू होते ही मच्छर हमलावर हो गए हैं। इनसे डेंगू एवं मलेरिया रोग के होने की संभावना बनने लगी है। मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अप्रैल में चलाया जाता है। पहले चरण में एक से 15 अप्रैल तक लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर डेंगू और मलेरिया के संभावित रोगियों का डाटा कलेक्ट करेंगे। इसी तरह पिछले सालों में भी अप्रैल और सितंबर में अभियान चलाया गया। मगर, न तो मच्छर कम हुए और ही इनसे होने वाली बीमारियां थमी। स्थित यह रही कि साल दर साल मच्छरों के साथ इनसे होने वाले रोगों की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती रही।

**इस वजह से मलेरिया रोगियों में हो रहा इजाफा :** मलेरिया रोगियों की संख्या में इजाफा होने की वजह शहर से लेकर गांवों में साफ सफाई का अभाव से लेकर नाले नालियों पर अतिक्रमण है। गांवों में महीनों नालियों की सफाई न होने से तो वहीं शहर में नाले नालियों पर अतिक्रमण होने की वजह से सफाई नहीं हो पाती। ऐसे में जलभराव रहने से मच्छर पनपते हैं और फिर मलेरिया से लेकर अन्य बीमारियों की वजह बनते हैं।

**गत तीन माह में सात मिले मलेरिया के रोगी :** जिले में मलेरिया ने दस्तक दे दी है। जनवरी से मार्च तक सात लोगों में मलेरिया बुखार की पुष्टि हो चुकी है। इनमें तीन रोगियों को सर्दी में डंक लगा था, जबकि चार मरीजों को पिछले माह। ऐसे में आने वाले समय में मरीजों की संख्या में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना बनने लगी है।


मोहल्ला शाहपुरा में दवा का छिड़काव करती जिला मलेरिया कार्यालय की टीम।

- **1-15 अप्रैल तक लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को किया जाएगा जागरूक**

#### रडार पर हैं 102 गांव और 50 वार्ड

पिछले सालों में जिले के 102 गांव और विभिन्न नगर पालिकाओं के 50 वार्डों में सबसे ज्यादा डेंगू और मलेरिया के रोगी मिले। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने इन पर विशेष नजर रख रहा है, क्योंकि इस बार फिर इनमें डेंगू और मलेरिया रोग के पनपने की संभावना बन रही है।

**गत वर्ष मिले रोगी**

| साल | मलेरिया | डेंगू |
|---|---|---|
| 2021 | 115 | 58 |
| 2022 | 103 | 85 |
| 2023 | 298 | 305 |
| 2024 | 614 | 305 |
| 2025 | 672 | 318 |

मच्छरों की रोकथाम के लिए इस बार मार्च से ही छिड़काव कराया जा रहा है। हालांकि प्रतिरक्षण अभियान अप्रैल में ही संचालित होगा। इस बार मच्छरजनित रोगों पर नियंत्रण करने के लिए साफ सफाई, छिड़काव आदि का कार्य जल्द शुरू करने के पीछे यही उद्देश्य है कि मच्छर अधिक न पनप पाएं ताकि रोगों से बचाव हो। -**हरिशंकर**, जिला मलेरिया अधिकारी।

### प्रवेश एवं नीरज को हरियाली मित्र सम्मान


हरियाली मित्र सम्मान प्राप्त करते पर्यावरण संरक्षण के सहयोगी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पर्यावरण मित्र समूह (रजि.) द्वारा राज लक्ष्मण एनक्लेव के निवासी प्रवेश जायसवाल एवं नीरज गुप्ता को हरियाली मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का संदेश दिया। साथ ही नवरात्रि पर मानसी गुप्ता ने नीम का पौधा रोपकर हरियाली अभियान को आगे बढ़ाया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद नीरज गुप्ता एवं प्रवेश जायसवाल ने पर्यावरण मित्र समूह के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कॉलोनी के पार्क में पौधरोपण कराने के प्रस्ताव पर खुशी जताते हुए इसमें सहयोग देने की बात कही। वहीं मानसी गुप्ता ने खुद लगाए पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए प्रसन्नता जताई। मौके पर पर्यावरण मित्र समूह के अध्यक्ष एवं संयोजक विशाल सेठ, उपाध्यक्ष (प्रबंधन) मयूरी नागर, उपाध्यक्ष (प्रचार-प्रसार) राम मोहन गुप्त, सचिव संजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रश्मि महेंद्रा, प्रबंधकारिणी समिति की सदस्य सुमन श्रीवास्तव, सपना कक्कड़, पूजा सिंह चौहान सहित इंदू गुप्ता, दीप्ति एवं मानसी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

- **नवरात्रि में मानसी ने लगाया नीम का पौधा**

# लखनऊ मंडल में रफ्तार पकड़ रहा यूपी बोर्ड पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **खीरी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव सहित 23 केंद्रों पर जांची जा रही कापियां**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य लखनऊ मंडल में निर्धारित समय सीमा के अनुसार तेजी से जारी है। ईद के अवसर पर मात्र एक दिन का अवकाश रहा था, जिसके बाद सभी मूल्यांकन केंद्रों पर कार्य दोबारा से तेज गति से शुरू कर दिया गया है। लखनऊ मंडल के छह जिलों में स्थापित केंद्रों पर प्रतिदिन प्रगति की निगरानी की जा रही है, ताकि मूल्यांकन कार्य समय से पूर्ण कराया जा सके। इसके लिए मंडलीय स्तर पर कंट्रोल रूम भी सक्रिय किया गया है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव सहित कुल 23 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य संचालित कराया जा रहा है। मंडलीय कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि सभी जिलों के कंट्रोल रूम से रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है और उसी के आधार पर कार्य की गति निर्धारित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर निर्धारित एसओपी का पालन करते हुए पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है, जिससे बोर्ड द्वारा तय समय सीमा के भीतर ही हर हाल में कार्य पूरा कराया जा सके। उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) मूल्यांकन केंद्र पर रविवार को सर्वाधिक 19,416 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, जो पूरे लखनऊ मंडल में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि अब तक मंडल में प्राप्त कुल उत्तर पुस्तिकाओं में से लगभग 35 प्रतिशत का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और शेष कार्य को भी तेजी से निपटाया जा रहा है।

#### लखीमपुर जीआईसी केंद्र ने बनाया रिकॉर्ड

लखीमपुर खीरी के राजकीय इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर रविवार को 19,416 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर मंडल में सर्वाधिक प्रगति दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार, परीक्षकों की अच्छी उपस्थिति और नियमित निगरानी के चलते यहां कार्य तेज गति से हो रहा है।

#### खीरी में तीन केंद्रों पर मूल्यांकन जारी

खीरी जिले के तीन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी है। अब तक राजकीय इंटर कॉलेज में 57, 246, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 43, 761 तथा गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में 35, 077 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है।

#### मंडलीय कंट्रोल रूम से रोज निगरानी

मूल्यांकन कार्य को समय से पूरा कराने के लिए लखनऊ मंडल स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से सभी छह जिलों के केंद्रों की रोज समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सुदृढ़ निगरानी व्यवस्था से कार्य की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### टीबी से डरने की जरूरत नहीं, जागरुकता ही बचाव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** गांव ढसरापुर में सामुदायिक रेडियो स्टेशन खीरी ने 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व टीबी दिवस के मद्देनजर सेहत सही, लाभ कई कार्यक्रम के तहत टीबी पर जागरुकता गोष्ठी आयोजित की। यह गोष्ठी ग्राम सुपरवाइजर शबनम गौतम के निवास पर हुई, जिसमें 23 महिलाओं ने भाग लिया।

रेडियो खीरी की सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में टीम सदस्य रूपांशी वर्मा और शिवशंकर ने नैरोकास्टिंग के माध्यम से टीबी रोग पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला टीबी अस्पताल के टीएस मनोहर लाल द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ग्रामीणों को बताया गया कि टीबी क्या है, इसके लक्षण क्या हैं, यह फेफड़ों के अलावा किन अंगों को प्रभावित कर सकती है और इसका सरकारी स्तर पर इलाज कैसे कराया जा सकता है। कार्यक्रम में संध्या, सुमन, ऊषा, पूनम सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# बांसगांव में जल अर्पण कार्यक्रम किया आयोजित


बांसगांव में नारियल फोड़कर पंप चालू कराते प्रधान सोमनाथ मिश्र। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

- **ग्राम प्रधान ने अधिकारियों की मौजूदगी में कराया आरंभ**

**अमृत विचारः** कुंभी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बांसगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ने पूजन कर शुरुआत कराई, जिससे अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा।

बांसगांव में हुये जल अर्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्रा ने ग्राम पंचायत में निर्मित पेयजल योजना (ओवरहेड टैंक एवं पाइप जलापूर्ति व्यवस्था) का निरीक्षण किया। उन्होंने नारियल फोड़कर पंप चालू कराकर विधिवत जल अर्पण कर उक्त योजना को ग्रामवासियों को समर्पित किया। प्रधान श्री मिश्र ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने ग्राम वासियों से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। ग्रामीणों को बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना है।

कार्यक्रम में जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता इं. दीन प्रभाकर ने जल जीवन मिशन के महत्व, पेयजल की उपयोगिता, संरक्षण एवं इसके गुणों के बारे में बताया। जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार, डीपीएमयू एवं कार्यदायी संस्था वीटीएल गाजा के इंजीनियर और गांववासी मौजूद रहे।

**तबादला एक्सप्रेसर** 5 प्रभारी निरीक्षक हटाए, 4 को पुलिस लाइन भेजा, निघासन प्रभारी को मीडिया सेल प्रभारी बनाया

# एसपी का संदेश साफ ! काम करो या कुर्सी छोड़ो

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- **क्राइम कंट्रोल में फेल व लापरवाह अफसरों पर गिरी गाज**

**अमृत विचारः** पुलिसिंग के ढीले रवैये पर आखिरकार डंडा चल ही गया। कानून-व्यवस्था पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एक झटके में पांच थानों के प्रभारी निरीक्षकों को उनकी कुर्सी से उतार दिया। उन्होंने सिंगाही, पढ़ुआ, शारदा नगर और मैगलगंज प्रभारी निरीक्षकों को पुलिस लाइन भेजा है, जबकि निघासन प्रभारी निरीक्षक महेश चंद मीडिया सेल के प्रभारी बनाए गए हैं। माना जा रहा है कि यह सिर्फ तबादला नहीं, बल्कि एसपी की सीधी चेतावनी है। काम नहीं तो पद नहीं।

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने साफ कर दिया है कि अब थानों में बैठकर कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। जमीन पर रिजल्ट चाहिए, वरना कुर्सी खाली करनी पड़ेगी। उन्होंने क्राइम कंट्रोल में नाकामी और लापरवाही के आरोपों से घिरे पढ़ुआ प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय, मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, सिंगाही प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह और शारदा नगर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को बिना किसी ढिलाई के पुलिस लाइन भेज दिया। वहीं निघासन प्रभारी निरीक्षक महेश चंद को रिवर्ट कर दिया है। उन्हें मीडिया सेल का प्रभार दिया गया है।

कार्रवाई के साथ ही नए चेहरों को मैदान में उतारा है। फरधान के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे को थाना सिंगाही, सदर कोतवाली के अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा को थाना पढ़ुआ, साइबर सेल के अवधराज सिंह सेंगर को प्रभारी निरीक्षक निघासन के पद पर भेजा है। मझगईं प्रभारी निरीक्षक राजू राव को थाना फरधान, पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत संजीव कुमार सिंह को थाना मैगलगंज और चौकी प्रभारी खजुरिया अनिल कुमार पंकज को थाना मझगईं का एसओ बनाया गया है। सदर कोतवाली के एसआई बृजमोहन बनमाली को शारदा नगर थाने की कमान सौंपी गई है।

सिंगाही प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह पर हुई कार्रवाई के पीछे सिंगाही का चर्चित सामूहिक दुष्कर्म का मामला माना जा रहा है। मूक बधिर थारू बालिका से सामूहिक दुष्कर्म और उसके बाद एक आरोपी से हुई मुठभेड़ ने आग में घी का काम किया। मुठभेड़ में घायल आरोपी छोटू सिंह का अस्पताल से वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली कटघरे में आ गई था। मुठभेड़ पर उठे सवालों ने विभाग की साख पर चोट पहुंचाई। इससे पहले ही वीडियो वायरल प्रकरण में एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एसआई आकाश भाटी और दो सिपाहियों को सस्पेंड किया था, लेकिन एसपी यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने सीधे जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई कर दी।

मैगलगंज क्षेत्र में गायब कालीचरण प्रकरण में शक के आधार पर पिटाई किए जाने के मामले में सिख संगठनों ने 17 मार्च को थाना मैगलगंज में प्रदर्शन कर लंगर लगाया था। इसके बाद एसपी ने औरंगाबाद चौकी इंचार्ज सुनील तिवारी को निलंबित कर दिया था। मामले में प्रभारी निरीक्षक की लापरवाही सामने आई थी। इससे उन पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी। इससे पूर्व शहर में छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में चौकी इंचार्ज डिंपल कुमार और महिला की हत्या मामले में थाना फरधान के एसआई केके यादव, सिपाही श्रवण कुमार और अशोक कुमार को निलंबित कर एसपी ने कार्रवाई के साफ संकेत दिए थे, लेकिन इन संकेतों का कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा था।

#### इंस्पेक्टर विवेक का टूटा अजेय मिथक

लंबे समय से अटूट पकड़ और ऊपर तक पहुंच के दम पर चर्चाओं में रहने वाले थाना पढ़ुवा के प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय का आखिरकार मिथक टूट ही गया। जिले के कई अहम थानों मोहम्मदी, गोला, खमरिया और खीरी में तैनाती के बाद पढ़ुवा में भी लंबे समय तक जमे रहने वाले विवेक उपाध्याय को अब एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सख्त संदेश के साथ लाइन हाजिर कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि विवेक उपाध्याय को लेकर लंबे समय से चर्चा थी कि उन्हें सत्ता के एक बड़े चेहरे का संरक्षण है। यही वजह रही कि जिले में तैनात रहे कई पुलिस कप्तान भी उनके खिलाफ कड़ा कदम उठाने से बचते रहे और वे लगातार महत्वपूर्ण थानों की कमान संभालते रहे। लेकिन इस बार मामला अलग था। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने साफ कर दिया कि जिले में अब सेटिंग नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस चलेगी। उनके इस फैसले ने पुलिस महकमे को संकेत दे दिया है कि अब प्रभाव और पहुंच के बजाय कामकाज के आधार पर ही कुर्सी तय होगी।

### हाईटेंशन लाइन के जर्जर तारों पर ही कर दी सप्लाई चालू

**बिझौली, अमृत विचारः** विद्युत उप केंद्र गोला से संचालित अलीगंज फीडर पर बिझौली निवासी विपिन के बीचोबीच खेत में 11 हजार की लाइन निकली है, जिसमें बीती रात तार टूटकर गन्ने के खेत में गिर गया और फसल जल गई। गनीमत रही कि पानी बरसने से फसल में ज्यादा नुकसान नही हुआ। बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने किसान की फसल के नुकसान को न देखते हुए उसी जर्जर लाइन के तार जोड़कर चालू करा दिया, जबकि विपिन ने लिखित शिकायत अधीक्षण अभियंता को भी दी, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर न जाकर संविदा लाइनमैन से टूटा हुआ तार जुड़वाकर हाईटेंशन लाइन चालू कर दी। विपिन ने बताया कि विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। तभी बार-बार तार टूटने के बाद भी न तो तार बदले और न ही पोल पर लगे वी क्रॉस, जिससे किसानों व ग्रामीणों में विभाग के प्रति लापरवाही करने व बड़े हादसे का इंतजार करने का आरोप लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान पर सामान खरीद रहे युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के मोहल्ला तेलियाना निवासी गौरव सिंह ने बताया कि वह शनिवार को अंश की दुकान पर सामान ले रहा था। तभी मोहल्ले के ही संजय तिवारी, उमंग तिवारी, कल्लू व संजय तिवारी के पिता आ गए। पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव सुआगाड़ा निवासी अनुज ने बताया कि उसका भाई राजेंद्र अपने घर आ रहा था। तभी गांव के ही निवासी सुनील उर्फ सुशील ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया। आरोप है कि लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में राजेंद्र और उसका साथी रंजीत घायल हो गया। किसी तरह जान बचाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई धर्मेंद्र बहादुर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भागवत कथा सुनने से होता है पापों का नाश

**झंडी, अमृत विचार :** गुलरी पुरवा स्थित देवरहन माता मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथावाचक विनीत पांडेय ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है और भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान राम सनेही गुप्ता हैं।

# 28 से होगा चैती मेले का आयोजन

## 24 घंटे बिजली से जगमगाएगी छोटी काशी, 20 दिन रहेगा रौनक का माहौल

- प्रशासन और नगर पालिका ने मेले की तैयारियां कीं तेज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ का ऐतिहासिक चैती मेला इस वर्ष 28 मार्च से शुरू होकर 16 अप्रैल तक चलेगा। लगभग 20 दिन चलने वाले इस मेले को लेकर प्रशासन और नगर पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, सजावट, रोशनी और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं और मेलार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू के अनुरोध और डीएम की पहल पर बिजली विभाग ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति का कोड जारी कर दिया है। यह व्यवस्था 22 मार्च की रात से लागू कर दी गई है, जो प्रारंभिक रूप से 6 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद शेष अवधि के लिए भी कोड जारी किया जाएगा ताकि पूरे मेले के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहे। फीडर नंबर चार और शिव मंदिर फीडर से मेला क्षेत्र को लगातार बिजली मिलती रहेगी। मेला मैदान में विभिन्न प्रकार के झूले, मौत का कुआं, बच्चों के मनोरंजन के साधन और खानपान की सैकड़ों दुकानें सजने लगी हैं। दूर-दराज से व्यापारी और कलाकार भी यहां पहुंच रहे हैं।

सोफ्टी, मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से मेला क्षेत्र गुलजार होने लगा है। इस बार मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से मेले की शोभा बढ़ाएंगे।


गोला के मेला मैदान में लग रही विभिन्न दुकाने, झूले। ● अमृत विचार

### सीसीटीवी निगरानी और ट्रैफिक प्लान को दिया अंतिम रूप

हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम और एसपी ने सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और ट्रैफिक प्लान को भी अंतिम रूप दिया।

### डीएम की पहल: तीन फीडरों को मिली विशेष छूट

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निरंतर पैरवी और दूरदर्शी पहल के चलते शासन ने बड़ा फैसला लेते हुए मेले में छह अप्रैल तक 24 घंटे निर्वाध बिजली आपूर्ति की मंजूरी दे दी है। अब न झिलमिलाती लाइटें बुझेंगी, न ही श्रद्धालुओं का उत्साह थमेगा। दिन हो या रात पूरा मेला क्षेत्र रोशनी से सराबोर रहेगा। 32 केवी प्राथमिक उपकेंद्र गोला से संचालित 33/11 केवी उपकेंद्र गोला टाउन के तहत आने वाले 11 केवी फीडर नंबर-1, फीडर नंबर-4 और शिव मंदिर फीडर को तत्काल प्रभाव से छह अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि तक निर्बाध आपूर्ति के लिए अधिकृत किया गया है। बिजली की सतत आपूर्ति से न सिर्फ श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि दुकानदारों और व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। झूले, सजावट, प्रसाद की दुकानों से लेकर लाइटिंग तकहर कोना अब बिना रुकावट चमकेगा। पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने गोला वासियो की ओर से इस व्यवस्था के लिए डीएम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे मेले की भव्यता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में और बढ़ोतरी होगी।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल चालक फरार

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेतारपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुबाज सिंह (28) पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी कौवा खेड़ा थाना भीरा इन दिनों अपनी ससुराल गोसाईनपुरवा मजरा सेमरी थाना पढ़ुवा में रह रहा था। रविवार शाम करीब 5:45 बजे अपनी बाइक से अपने घर लौट रहा था। तेतारपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुरुबाज सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे कई चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिलेंडर न मिलने से भट्ठी पर बना रहे चाय-समोसे


अशोक चौराहा पर एक होटल में भट्ठी पर समोसे तलता कारीगर। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पश्चिमी एशिया में युद्ध के हालात का पेट्रोलियम पदार्थों में कामर्शियल, रसोई गैस पर अधिक प्रभाव पड़ा है, जिससे होटल संचालको ने भट्ठी के सहारे कारोबार शुरू कर दिया है।

गैस की किल्लत अब चाय दुकानों और रेहड़ी पटरी पर काम करने वाले छोटे दुकानदारों पर भी दिखाई देने लगी है, जिसके चलते नगर के छोटे, बड़े कई दुकानदारों ने लकड़ी, कोयला भट्ठी के सहारे चाय समोसे बनाना शुरू कर दिया है। कुछ दुकानदारों ने कमर्शियल सिलेंडर के अभाव में तो समोसे बनाने ही बंद कर दिए हैं। कुछ दिन पहले तक जो समोसे पहले दुकानों पर गैस स्टोव पर बनते थे अब वही समोसे भट्ठी पर बनाए जाने लगे हैं. दुकानदारों ने लकड़ी और कोयला की भट्ठियों का उपयोग शुरू किया है। घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति गैस एजेंसियों को मिल रही है, जबकि व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति नहीं। नगर के अशोक चौराहा स्थित रामा जलपान गृह के मालिक दिलीप गुप्ता ने बताया कि कामर्शियल सिलेंडर न मिलने के चलते लकड़ी भट्ठी का सहारा ले रहे हैं।

### लकड़ी के बढ़े दाम

दुकानदार बताते हैं कि कुछ दिन पहले तक लकड़ी 700 रुपये प्रति क्विंटल मिल जाती थी, जिसकी कीमत अब 1000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। अलीगंज रोड स्थित मेला मैदान के पहले गेट पर बद्री प्रसाद की दुकान पर सबसे अधिक समोसे की बिक्री होती है। कामर्शियल सिलेंडर के अभाव में उन्होंने शनिवार से समोसे बनाना ही बंद कर दिया।

# शतचंडी यज्ञ व रामकथा में गूंजे जय श्रीराम के नारे


- सिंगहा खुर्द में राम अवतार के प्रसंग पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन कस्बे के दुर्गा देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ और रामकथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रामकथा में पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

रामकथा के दौरान कथावाचक अनुराधा ने भगवान राम के पृथ्वी पर अवतार लेने के कारणों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भगवान राम का अवतार भी रावण के अत्याचारों से पृथ्वी को मुक्त कराने और मर्यादा स्थापित करने के लिए हुआ था।

कथा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। वहीं सिंगहा खुर्द गांव में आयोजित शतचंडी यज्ञ महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी जारी रही। दिन में आयोजित रामलीला मंचन में भगवान राम के जन्म की लीला का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कलाकारों ने राम जन्म के प्रसंग को सजीव रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम जन्म होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


रासलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर वन विभाग सतर्क

- संपूर्णानगर में हुई जागरुकता गोष्ठी में आधुनिक उपायों पर जोर
- गन्ना कटाई के बाद बढ़ा खतरा आबादी में आ रहे वन्य जीवन

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बढ़ती मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने संपूर्णानगर वन रेंज में जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार ने किया, जिसमें ग्रामीणों को संघर्ष की घटनाओं को रोकने के उपायों की जानकारी दी गई।

वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार ने कहा कि इन दिनों गन्ने की फसल कटने के चलते जंगली जानवर जंगल से निकलकर आबादी की ओर आ रहे हैं। भोजन और पानी की तलाश में बाहर निकले ये वन्यजीव अक्सर खेतों और बस्तियों के आसपास पहुंच जाते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव के दिखने पर तत्काल सूचना दें और अनावश्यक जोखिम न उठाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि तेंदुए की तुलना में बाघ अधिक खतरनाक होता है, इसलिए विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। गोष्ठी में मौजूद जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने भी सुझाव दिए कि इस समस्या से निपटने के लिए जंगल के किनारे सोलर फेंसिंग, स्मार्ट सर्विलांस, ड्रोन, जीपीएस ट्रैकिंग और सेंसर आधारित अलार्म जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

कार्यक्रम में रानी नगर प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, मझरा पश्चिम प्रधान जीतेश कुमार, भानपुरी कॉलोनी प्रधान प्रभुनाथ कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष इस्तियाक अहमद खान, अंकित गुप्ता, मोहित गुप्ता, बसही प्रधान प्रतिनिधि राजनाथ यादव, शांति नगर प्रधान रामकृपाल वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके अलावा वन दरोगा सदन लाल, राजेश कुमार, अजय कुमार, वन रक्षक शमशेर सिंह, सूरजभान, राम कुमार 'शेरे पंजाब' सहित विभागीय कर्मियों ने भी गोष्ठी में भाग लेकर लोगों को जागरूक किया।


जागरुकता गोष्ठी को संबोधित करते वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार। ● अमृत विचार

# जर्जर सड़क पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

- सिंगाही-सिन्हौना मार्ग बदहाल, एसडीएम को आज सौंपेंगे ज्ञापन
- सड़क नहीं सुधरी तो आंदोलन करने की दी गई चेतावनी

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** सिंगाही-सिन्हौना मार्ग की बदहाल स्थिति अब ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह सड़क अब पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में भरे पानी ने हालात को और भी खतरनाक बना दिया है, जिससे इस मार्ग पर चलना जोखिम भरा हो गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बैठक की और सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। चेतावनी दी गई कि यदि सड़क नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। नतीजतन आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को उठानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि बिना बारिश के भी सड़क पर जलभराव बना रहना विभागीय लापरवाही की पोल खोलता है। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही सड़क को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है।

कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को शिकायत देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इन्हीं समस्याओं को लेकर अब ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सोमवार को निघासन उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की जाएगी। ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का मुद्दा भी उठाया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी जन असुविधा या कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान ग्राम प्रधान शिवराज कनौजिया, भूतपूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा, नेवल किशोर, सुधीर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, दामोदर प्रसाद भार्गव, मेलाराम वर्मा, इंदरपाल, ब्रार, सुरजीत, जयपाल यादव, प्रघट सिंह, पूर्व प्रधान जोरा सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे और आंदोलन के फैसले पर सहमति जताई।


तालाब में तब्दील मार्ग पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# छेदुई में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

- कृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग के प्रसंगों ने बांधा समां

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के गांव धोबी पुरवा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

कथावाचक पंडित उत्तम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग जैसे प्रसंगों का वर्णन किया। उनके द्वारा सुनाए गए प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा पंडाल गोवर्धन महाराज की जय के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने अपने प्रवचन में जीवन में प्रेम, करुणा और भक्ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा ही मनुष्य को सही मार्ग दिखाती है। उन्होंने भगवान के जीवन से जुड़े कई प्रेरक प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान भजन और कीर्तन ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंच रहे हैं, जिससे आयोजन स्थल पर रोजाना भीड़ बढ़ती जा रही है।

इस अवसर पर आकाश, शिव नारायण, सुनील, रामबहादुर, रामसागर, सत्यनारायण, रामजीवन, फूलचंद, वीरेंद्र, भोलेशंकर सहित कई श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया।

# मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा हुई सुविधाजनक

- श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज डिपो से हर समय बसें उपलब्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य के चंपावत जिले में स्थित मां पूर्णागिरि धाम के लिए नगर, ग्रामीण क्षेत्र से काफी श्रद्धालु मां के दर्शन को जाते हैं। डिपो से रोडवेज की बसें हर समय उपलब्ध होने से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा सुविधाजनक हो गई है।

उत्तराखंड में प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम चंपावत जिले में टनकपुर के पास अन्नपूर्णा शिखर पर स्थित एक पवित्र शक्तिपीठ है, जहां चैत्र नवरात्रि के दौरान काफी भीड़ उमड़ती है। नगर, व दूर दराज क्षेत्र से प्रतिदिन काफी श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं। चैत्र नवरात्र के चलते इन दिनों रोडवेज बसअड्डा, रेलवे स्टेशन पर मां पूर्णागिरि धाम को जाने वाले लोगों की काफी भीड़ बनी रहती है। रोडवेज डिपो से प्रतिदिन सुबह 6.30 और 9 बजे निगम की बसें खुटार, पूरनपुर, पीलीभीत, खटीमा, बनबसा होते हुए टनकपुर जाती हैं। बाद में भी श्रद्धालुओं की संख्या होने पर बसें संचालित कर दी जाती हैं। श्रद्धालुओं को टनकपुर पहुंचने में अब सुविधा हो गई है। टनकपुर के लिए 20 सवारी होने पर भी बस डिपो से भेज दी जाती है। पहले गोला डिपो की सीधी सेवा टनकपुर तक नहीं थी। केवल पीलीभीत तक बसें जाती थी, जिससे श्रद्धालुओं को टनकपुर पहुंचने के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।. अब गोला डिपो की दो बसे सीधे टनकपुर जाती है। इससे टनकपुर होते हुए आसानी से श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा कर रहे हैं। यह स्पेशल बस सेवा 15 जून तक चलती रहेगी।



गोला डिपो में खड़ीं रोडवेज की बसें।

> श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए दो बसें प्रतिदिन टनकपुर के लिए संचालित की जा रही है। डिपो में पर्याप्त बसें और स्टाफ है। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर दिन में भी बस टनकपुर के लिए भेज दी जाती है। श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। **-महेशचंद्र कमल**, एआरएम गोला

# ड्रग तस्कर की 40.30 लाख की संपत्ति कुर्क

- नेपाल बॉर्डर तक फैला हुआ है ड्रग तस्करों का नेटवर्क

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** पुलिस ने ड्रग तस्करी के आरोपी गैंगस्टर विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी करीब 40 लाख 30 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी है। पुलिस का दावा है कि यह संपत्ति उसने अवैध रूप से धन अर्जित कर बनाई थी। डीएम के आदेश पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की है।

तहसीलदार ज्योति वर्मा और सीओ जितेंद्र कुमार परिहार की मौजूदगी में नगर से सटे ग्राम सभा मकनपुर के मजरा धारूपुरवा में यह कार्रवाई की गई। कुर्क किया गया मकान अनमोल गुप्ता की पत्नी बसंती गुप्ता के नाम दर्ज बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख 30 हजार रुपये है और यह करीब 1100 वर्ग फुट क्षेत्र में बना हुआ है। पुलिस के अनुसार अनमोल गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के कई मामलों में वांछित है और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कुर्की की कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में डुग्गी पिटवाकर लोगों को सूचित किया गया, जिससे मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी एकत्र हो गए।

थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी सहित पलिया और संपूर्णानगर क्षेत्र की पुलिस फोर्स भारी संख्या में मौजूद रही। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि गैंगस्टर अनमोल गुप्ता की इस संपत्ति की कुर्की जिलाधिकारी के आदेश पर की गई है और आगे भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


कुर्क किए गए मकान के साथ तहसीलदार ज्योति वर्मा व मौजूद पुलिस बल।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** धर्मपुर नई बस्ती रोड पर दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। मिर्जानपुर कटिया निवासी बलवीर और छिद्पुरी क्षेत्र के धर्मवीर अपनी बाइक से जा रहे थे, जबकि सोनू गुप्ता गैस सिलेंडर लेकर लौट रहे थे। टक्कर में तीनों घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सोनू गुप्ता और बलवीर की हालत गंभीर होने पर बदायूं जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### बिजली, चकबंदी, फसल नुकसान पर भड़के किसान

**संभल, अमृत विचार :** बमनपुरी कला गांव में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत का आयोजन जिला उपाध्यक्ष डॉ. जसवीर सिंह के आवास पर किया गया। पंचायत में बिजली व्यवस्था, चकबंदी में अनियमितताओं, राशन वितरण में धांधली और बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति भी नहीं हो रही है। चकबंदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। कहा कि यदि प्रशासन ने समस्याओं की अनदेखी जारी रखी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर दो मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग बिना अधिकृत अनुमति के आधार कार्ड बना रहे हैं और उनमें संशोधन कर रहे हैं। पुलिस टीम गठित की गई और दो अलग–अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान एक स्थान से दो और दूसरे स्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी किसी अधिकृत आधार सेवा केंद्र से जुड़े नहीं थे, बल्कि उन्होंने एक अधिकृत सेंटर की आईडी को हैक कर लिया था। इसी हैक्ड आईडी के माध्यम से ये लोग अज्ञात स्थानों पर बैठकर ऑनलाइन आधार कार्ड बनाने और उनमें बदलाव करने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप, प्रिंटर, आइरिस स्कैनर, थंब स्कैनर, तीन मोबाइल फोन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

# सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, पांच लोग घायल

## लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर रोडवेज बस-बाइक की भीषण टक्कर, बस के अगले हिस्से में फंसी बाइक 20 मीटर तक घिसटती गई

संवाददाता, बेहजम/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र में लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर रविवार को बस-बाइक में भीषण टक्कर हो गई। बस में फंसी बाइक करीब 20 मीटर तक घिसटती चली गई। इसके बाद अनियंत्रित बस खाई में जा गिरी। इससे चीख पुकार मच गई। इस हादसे में पांच साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा दोपहर करीब 12 बजे नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव गोहरपुर के पास दोपहर हुआ। रोडवेज बस और दो बाइकों के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि एक बाइक बस के अगले हिस्से में फंस गई और करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। घायल सड़क पर तड़पते रहे और आसपास के लोग दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए।



घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची एंबुलेंस। ● अमृत विचार

स्थानीय ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया। किसी ने घायलों को बाहर निकाला तो किसी ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस चौकी बेहजम प्रभारी संदीप यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य को तेज कराया। पुलिस ने कुछ घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया तो कई लोग अपने निजी वाहनों से भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुट गए। हादसे में आरिफ (8) पुत्र कासिम अली निवासी मुड़िया खेड़ा कोतवाली सदर, अशरफ (41) पुत्र छोटे, उनकी पत्नी हुस्नाज निवासी मूडा बुजुर्ग थाना नीमगांव, नसीर (30) पुत्र दानिश खां, रीना (35) और आर्यन (5) पुत्र नसीर खां निवासी मलिकपुर थाना नीमगांव गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी को आनन-फानन में सीएचसी बेहजम पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। इलाज के दौरान 5 वर्षीय मासूम आर्यन जिंदगी की जंग हार गया। उसकी मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हादसे के बाद लगा भीषण जाम

हादसे के बाद मार्ग पर दोनों तरफ भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतार लगने से रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात बहाल कराया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह बस और बाइक दोनों की तेज रफ्तार व लापरवाही मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि सड़क संकरी होने और ओवरटेक के प्रयास ने भी दुर्घटना को और भयावह बना दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं, लेकिन न तो प्रशासन की सख्ती दिखती है और न ही कोई प्रभावी यातायात व्यवस्था।



घटना स्थल पर लगी वाहनों की लंबी कतार। ● अमृत विचार



घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाते लोग। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक की भिड़ंत में दो लोग घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** बरेली की ओर से गांव जा रही ट्रैक्टर ट्राली को अशोक लीलैंड ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक दोनों हाईवे पर पलट गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में ट्रैक्टर चालक जितेंद्र कुमार निवासी ग्राम नगरिया ट्राली के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक अन्य राहगीर उत्तम बाजपेई निवासी लखीमपुर ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद उत्तम बाजपेई को ट्राली के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद दोनों घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। ट्रक चालक संजीव कुमार निवासी गांव पढ़ेली थाना दातागंज जिला बदायूं ने बताया कि वह हरिद्वार से लुमिनस कंपनी के सौर ऊर्जा पैनल लेकर लखनऊ जा रहे थे, तभी नगरिया मोड़ के पास यह हादसा हो गया। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि घायलों की हालत में सुधार है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख को हाईकोर्ट से जमानत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कमजोर साक्ष्य, उम्र व बीमारी बनी आधार, अपील लंबित रहने तक राहत
- कोर्ट ने कहा सिर्फ आपराधिक इतिहास से जमानत नहीं रोकी जा सकती

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया कि केवल आपराधिक इतिहास के आधार पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने थाना तिलहर क्षेत्र से जुड़े मामले में अभियुक्त ददरौल के पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश पाल सिंह उर्फ मुन्ना को बड़ी राहत देते हुए उसकी सजा पर रोक लगाकर अपील लंबित रहने तक जमानत मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति राज बीर सिंह की अदालत ने पारित किया। ट्रायल कोर्ट ने अभियुक्त को धारा 307-34, 323-34 आईपीसी और 3-25 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी मानते हुए अधिकतम 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी थी।

मामले में आरोप था कि होटल पर खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर विवाद हुआ और फायरिंग की गई। हालांकि पीड़ित को गोली नहीं लगी। केवल साधारण चोट आई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता रितेश सिंह ने दलील दी कि साक्ष्य विश्वसनीय नहीं हैं और किसी अन्य गवाह ने घटना की पुष्टि नहीं की, जबकि एक प्रमुख गवाह भी अपने बयान से मुकर गया। यह भी बताया गया कि अभियुक्त करीब एक वर्ष की हिरासत में रह चुका है और उसकी उम्र 66 वर्ष है।

वह मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से ग्रसित है। दूसरी ओर राज्य पक्ष ने फायरिंग और 83 मुकदमों के आपराधिक इतिहास का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया। न्यायालय ने अभिलेखों का अवलोकन करते हुए पाया कि पीड़ित को गंभीर चोट नहीं लगी और साक्ष्य अपेक्षाकृत कमजोर हैं। साथ ही यह भी कहा कि केवल आपराधिक इतिहास के आधार पर सजा निलंबन आवेदन खारिज करना उचित नहीं होगा।

इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने सजा पर रोक लगाते हुए अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अभियुक्त दो जमानतदारों के साथ निजी मुचलका दाखिल करेगा, जिसमें एक जमानतदार परिवार का सदस्य होगा। इसके अलावा ट्रायल कोर्ट की ओर से लगाए गए जुर्माने की 75 प्रतिशत राशि की वसूली पर भी अपील लंबित रहने तक रोक लगा दी गई है।

## विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** विश्व जल दिवस पर गांव गैलुआ में समाजसेवियों की बैठक में लोगों को जल बचाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया गया। रामोतार सिंह ने कहा कि जल जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनावश्यक पानी बहने से रोकें और केवल जरूरत के अनुसार ही जल का उपयोग करें। चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। महावीर सिंह ने कहा कि जल की कमी भविष्य की बड़ी समस्या बन सकती है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि घरों में समरसेबल का अनावश्यक उपयोग बंद कर पानी की बचत की जानी चाहिए। इस दौरान रामोतार सिंह, खिलेन्द्र चाहल, पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह, हेमंद्र सिंह, भोला सिंह, अरविंद सिंह और बंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने किया चीनी मिल का भ्रमण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन के प्रथम सत्र का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल एवं डॉ. अमित कुमार यादव ने योग क्रिया के साथ आरंभ करते हुए बजाज चीनी मिल का भ्रमण कराया, जहां स्वयंसेवकों ने चीनी मिल की गतिविधियां देखीं।

मुख्य अतिथि सहकारी गन्ना समिति के सचिव बलवंत चौधरी ने गन्ना मिल के संस्थापक जमुनालाल बजाज के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए योगदान से परिचित कराया। बजाज चीनी मिल के इंजीनियर अनिल कुमार मिश्रा ने स्वयंसेवकों को गन्ने की तौल कैसे होती है, कंटेनर में उसे कैसे डाला जाता है,



गोली की बजाज चीनी मिल में मौजूद एनएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

- गन्ना पेराई से लेकर चीनी निर्माण की जानी गतिविधियां

उसकी पेराई के पश्चात विभिन्न पाइपों के माध्यम से शुद्धिकरण और क्रिस्टलीकरण द्वारा चीनी बनाए जाने की प्रक्रिया से अवगत कराया।

आपदा मित्र सुरभी सिंह ने आपदा प्रबंधन अधिकरण के बारे में जागरूक किया। कैरियर काउंसलिंग के विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार यादव ने विभिन्न सेवाओं में अंतर, रोजगार के अवसर, आजीविका के साधनों से भी परिचित कराया। स्वयंसेवक पारस मौर्य ने व्यवसाय से संबंधित बातों को इस सत्र में रखते हुए नौकर बनने से अच्छा छोटा सा मालिक बनना अच्छा बताया। डॉ. शैलेंद्र, डॉ. योगेश कनौजिया, सुनील कुमार, अशोक कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# चीनी चोरी कर ले जा रहे दो आरोपी दबोचे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया छाउछ में स्थित खांडसारी के गोदाम से 100 किलो चीनी चोरी कर ई-रिक्शा से जाने की तैयारी में जुटे दो आरोपियों को सुरक्षा गार्ड ने दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ई-रिक्शा और चीनी कब्जे में ली है। पुलिस ने गोदाम मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

सदर कोतवाली के वाजपेई नगर निवासी वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि उनका एक प्लांट इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है, जहां खांडसारी शुगर का स्टॉक रखा हुआ था। शुक्रवार की रात उनके सुरक्षा गार्ड को

- ई-रिक्शा पर लाद रहे थे 100 किलो चीनी, सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा

सूचना मिली कि कुछ लोग गोदाम से चीनी से भरे 50-50 किलोग्राम के कट्टे चोरी कर रहे हैं। सूचना पर पहुंचे गार्ड ने ई-रिक्शा पर लदे दो चीनी भरे कट्टों समेत मौके से दीपक निवासी राजगढ़ और शंकर निवासी शांति नगर को पकड़ लिया। गार्ड की सूचना पर वह भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चीनी कट्टों के साथ ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मालिक की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# महिला सिपाहियों ने की कार चालक की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लाल इमली चौराहे से पीली मस्जिद वाले मार्ग पर एक कार महिला सिपाही की स्कूटी से टकरा गई। महिला सिपाहियों ने स्कूटी से पीछा करके कार को रोक लिया। कार चालक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान रोड पर जाम लग गया। कुछ लोगों ने समझाने का प्रयास किया तो महिला सिपाही उन पर नाराज हो गई। चौकी सिपाही और ट्रैफिक सिपाही पहुंचे। कार कब्जे में लेकर चालक को चौकी पर ले गए।

रविवार की दोपहर बाद सवा 4 बजे लाल रंग की कार पीली मस्जिद से लाल इमली चौराहे की तरफ आ रही थी। रास्ते में कार की साइड महिला सिपाही की स्कूटी पर गई। दोनों महिला सिपाही ने

- स्कूटी में साइड लगने पर हुआ विवाद, सड़क पर लगा जाम

कार का पीछा करके पेट्रोल पंप के पास कार को रोक लिया। कार चालक से कहा कि देख नहीं चलाते हो। चालक ने कहा कि स्कूटी से ओवरटेक कर रही थी। स्कूटी में कोई नुकसान हुआ तो देने को तैयार हो गए। इस दौरान दुकानदार और लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों ने महिला सिपाही से कहा कि स्कूटी में कोई नुकसान तो नहीं हुआ। महिला सिपाही राहगीरों पर नाराज हो गई। इस दौरान दोनों महिला सिपाहियों ने कार चालक की जमकर पिटाई कर दी।

सड़क पर जाम लग गया। लाल इमली चौराहे से ट्रैफिक सिपाही और होमगार्ड व उसमान पुलिस चौकी का एक सिपाही पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और महिला सिपाही से जानकारी की। ट्रैफिक सिपाही ने लगे जाम को खुलवाया। सिपाही चालक समेत कार को लेकर चौकी पर ले गए। इधर, दोनों महिला सिपाही भी चौकी पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह जानकारी कर जांच करा रहे है।

### बच्चे के अपहरण का प्रयास विरोध पर पिता को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ स्थित गार्डन स्टेट निवासी प्रांजल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च की रात करीब सवा 9 बजे वह सिटी पार्क से राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार से जा रहे थे। उनकी कार में उनका तीन साल का पुत्र विद्यार्थ सो रहा था। रोजा क्षेत्र में अटसलिया पुल पार करते समय पीछे से तीन मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोग आ रहे थे, तभी एक काले रंग की कार आकर उनकी कार के आगे खड़ी हो गई। कार और बाइक सवार करीब दस लोगों ने गाड़ी रोककर गाली–गलौज शुरू कर दी। जब प्रांजल सिंह ने कार से निकलने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें पकड़कर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने लोहे की रॉड से उनकी कार पर हमला कर शीशे तोड़ दिए और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों ने कहा कि बच्चे को उठाकर ले चलो और जान से मारने की धमकी भी दी। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बाइक–कार में सवार 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दुर्घटना के बाद हाईवे पर मचा कोहराम, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र में रविवार शाम मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बेकाबू अर्टिगा कार ने सामने से आ रहे टेंपो में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कोहराम मच गया और जाम लग गया। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटाकर जाम खुलवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टेंपो सवारियां लेकर सामान्य गति से जा रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार अर्टिगा कार सामने से आई और टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें बैठे लोग इधर-उधर जा गिरे। कई लोग वाहन में ही फंस गए और खून से लथपथ हालत में मदद के लिए चीखते रहे। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। धनारी थाना पुलिस पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने लोगों की मदद से टेंपो में फंसे घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसे के चलते नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। यातायात सुचारु करने में पुलिस को करीब एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

# कच्ची दीवार गिरने से बच्ची की मौत

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गांव रामनगर संडा खास में अचानक झोपड़ी की कच्ची दीवार गिर गयी। इसमें पांच साल की बच्ची और छोटा भाई मलवे में दबकर घायल हो गए। गांव वाले फौरन मौके पर पहुंचे और मलवा को हटाया। दोनों घायलों को सीएचसी पर ले गए। यहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव रामनगर संडा खास निवासी महबूब खां का मकान में छप्पर पड़ा हुआ और दीवार कच्ची है। उसकी पत्नी ने रविवार की सुबह साढ़े 10 बजे खाना बनाया। उनकी पांच साल की बेटी फिजा और दो साल की बेटा सुहेल झोपड़ी के अंदर खाना खा रहे थे। अचानक कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई। दीवार के मलवे में दोनों भाई-बहन दब गए। उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो गांव वाले आ गए। गांव वालों ने



बिलखते बच्ची के परिजन। ● अमृत विचार

- गांव रामनगर संडा खास में हुआ हादसा, घायल भाई का सीएचसी में चल रहा उपचार

मलवा हटाकर दोनों भाई-बहन को बाहर निकाला। इधर, महबूब खां व परिवार वाले दोनों को निगोही सीएचसी पर ले गए। यहां डॉक्टर ने फिजा को मृत घोषित कर दिया। उसका शव लेकर घर पर आ गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। उन्होंने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी की। उन्होंने ब्लाक को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अवैध शराब तोड़फोड़, मारपीट

**चंदौसी, अमृत विचार :** नगर के खुर्जा गेट क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध शराब को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने शराब बेचने का आरोप लगाकर कुछ घरों पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन के साथ ही तोडफोड़ व मारपीट कर दी। एक दिन पूर्व अवैध शराब पीने से 32 वर्षीय विपिन की मौत हो गई थी। इससे लोगों में गुस्सा है। रविवार सुबह लोग मोहल्ले के ही एक परिवार पर शराब बेचने का आरोप लगाने लगे। सैकड़ों की भीड़ ने कई घरों के बाहर हंगामा कर तोड़फोड़ की। भीड़ ने महिला, उसके बेटे व अन्य लोगों के साथ मारपीट भी की। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मौके से एक महिला को हिरासत में भी लिया। रजनी ने 9 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हादसे में बुजुर्ग की मौत, दो घायल

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** थाना बंडा क्षेत्र में पटना चक्की के पास रविवार दोपहर बाद भीषण सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 82 वर्षीय दर्शन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार कल्याणपुर भारती निवासी दर्शन सिंह अपने बेटे जरनैल सिंह की पत्नी पवनदीप कौर के साथ बाइक से बंडा की ओर से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही भगवन्तापुर निवासी रामकृष्ण के 18 वर्षीय पुत्र महेश की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को तत्काल बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से पवनदीप कौर और महेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दर्शन सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उनकी पत्नी बलविंदर कौर का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पुत्र जरनैल सिंह उर्फ निक्का पिछले पांच वर्षों से विदेश में चालक के रूप में कार्य कर रहा है।

### हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गोरा निवासी भानू सिंह रविवार की शाम छह बजे कार बनवाने के लिए मैकेनिक के पास गए थे। वर्कशाप में मैकेनिक के न आने से अपनी कार खड़ी कर दी। उन्होंने वर्कशाप मालिक की स्कूटी ले ली। वह स्कूटी लेकर बाजार गए। वह बाजार से शाम छह बजे अपने घर स्कूटी से लौट रहे थे। स्टेट हाइवे पर गुनारा मोड़ पर पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। जलालाबाद सीएचसी पर भानू सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक भानू सिंह जन सेवा केंद्र और खाद की दुकान चलाते थे।

### बाइक सवार पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कोट निवासी स्वर्गीय शैलेश मिश्रा की पत्नी रीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 मार्च की शाम करीब सात बजे उसका छोटा पुत्र कृष्णा मिश्रा नगर के ही मोहल्ला पूर्वीगढ़ी निवासी अपने मौसेरे भाई हिमांशु तिवारी पुत्र संतोष तिवारी के साथ बाइक से गांव मलिका से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में अरुण शुक्ला के पेट्रोल पंप के आगे बाइक सवार ने कृष्णा मिश्रा को टक्कर मार दी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगलानाथ निवासी मुशीर खां ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने बहन शकीना बानो का निकाह दो साल पहले आजम निवासी खेड़ा गजाएं थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ किया था। उसने दहेज दिया था। दहेज से उसकी बहन के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उसकी बहन से कहा कि कार और दो लाख रुपये मायके से मंगाकर दो। उसकी बहन ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले देने में असमर्थ है। ससुराल वालों ने कहा कि दहेज नहीं दिया तो आजम का दूसरा निकाह कर देगे। उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगे। बीस दिन पूर्व ससुराल वालों ने उसकी बहन को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। उसकी बहन मायके में रह रही है। पुलिस पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

